वीयू कुलपति ने किया स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ का निरीक्षण

आज 15 सितंबर 24 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा जी द्वारा स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ का निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने स्कूल आफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ द्वारा विभिन्न टाइगर रिजर्व तथा राष्ट्रीय उद्यानों में दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में जानकारी इकट्ठा करने हेतु एक बैठक आयोजित की। इस अवसर पर स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक और हेल्थ जबलपुर के संस्थापक संचालक डॉ. ए.बी. श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. पराग निगम भी उपस्थित रहे। स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ जबलपुर की संचालिका डॉ. शोभा जावरे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए केंद्र द्वारा दी जाने वाली सेवाओं एवं अनुसंधान संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा केंद्र में पदस्थ वैज्ञानिकों में डॉ. के.पी. सिंह, डॉ. सोमेश सिंह डॉ. निधि राजपूत, डॉ. अमोल रोकड़े तथा डॉ. देवेंद्र पोद्दारे ने अपना अपना परिचय देते हुए उनके द्वारा किए जा रहे अनुसंधान, शैक्षणिक तथा विस्तार संबंधी कार्यों का उल्लेख किया। माननीय कुलपति महोदय द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय उद्यानों और टाइगर रिजर्व्स को दी जा रही सेवाओं से संतोष व्यक्त किया और अपने उद्बोधन में केंद्र की उत्तरोत्तर प्रगति हेतु कामना करते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में इस केंद्र को वे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाएंगे जो मध्य प्रदेश की प्रचुर वन संपदा तथा वन्य प्राणियों के स्वास्थ्य प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान करेंगे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर